तो इस पर कहां तक कंट्रोल हो पाएगा और वह भी आज के जमाने में । अब भगत जी भले ही भगत हों लेकिन मैं समझता हूं कि भगत जी के भगत जो हैं वे पूरे बगुले भगत हैं । उन पर एक गीत है—

"ईसा बीर न मूसा बीर,
सब से बड़ा है पैसा बीर ।"

अगर रुपया है तो सब कानून धरा रह जाएगा और लोग उसको पीस कर पी जाएंगे । एक कहावत है भोजपुरी की—

"जो पाणे की पतरा सो पणायन के अंचरा ।"

आप इतने कानून बनाते रहिये, यहां से आर्डर लिखते रहें लेकिन जो आपका सप्लाई आफिसर इसेंशियल कमोडीटिज एक्ट लागू करता है वह एक बार कहेगा मैं भेजे दे रहा हूं तुम जा कर निपटते रहना । यह एकदम तलवार है, व्यापारियों के सिर पर यह तलवार लटकती रहती है । व्यापारियों का पसा बंधा हुआ है 10 रुपये, बीस रुपये, 50 रुपये, 1000 रुपये महीना जिसकी जैसी हैसियत है जितना चाहो बेचा करो । जब उस कर्मचारी को व्यापारी यह कह देगा कि उतना नहीं दे पाऊंगा या कम दूंगा या नहीं दूंगा, उसी दिन उसका चालान हो जाता है । फुटकर व्यापारियों का चालान तो होता है । हम से हमारे नगर के अनेक व्यापारियों ने कहा कुशवाहा जी हम लोग तो किसी के यहां से माल ले आते हैं थोक वालों के यहां से माल ले आते हैं तो हमारा तो यह रोज चालान करता है लेकिन फैक्टरियों में मिलावट हो रही है क्या आज तक किसी फैक्टरी का भी चालान हुआ है ? बात बिल्कुल सही है क्योंकि कांग्रेस, कंट्रोल और करप्शन इन तीनों का चोली दामन का साथ है । गांवों में जितने बूथ केप्चर करने वाले हैं, राशन की दुकानें चलाने वाले हैं, कंट्राल का माल बेचने वाले हैं, वह खुद बूथ केप्चरिंग करते हैं नहीं तो बूथ केप्चर करवाते हैं । सारे काम वो करते हैं । सारा काम बिगाड़ने का जितना हो सकता है वो करते हैं । ब्लैक मनी का भी सब से बड़ा कारण यही है । अगर आप कंट्रोल हटा दें तो क्या काला रह जाएगा ? फैक्टरियों का कुछ काला है, रोज उनके दाम बढ़ रहे हैं ? आप केवल किसान का जितना चाहे गला काट लो क्योंकि वह छिपा नहीं सकता है । खसरा खतौनी सब आपके घर में है । कितना खेत है, वह उसको बक्से में बन्द नहीं कर सकता है और कितना अनाज हुआ है यह भी आप अन्दाजा लगाते हो । उससे कहेंगे कि

इतने बीघे में इतना तुम को देना है चाहे हो या न हो । किसान को तो जब आप चाहते हैं मुर्गा बना सकते हैं । दो सौ रुपये क्विंटल भूसा बिक रहा है उस पर कंट्रोल लगाइये न ।

श्री पवन कुमार बांसल (पंजाब) : किसानों के लिए सब कुछ कांग्रेस ने किया है लोक दल ने नहीं किया ।

श्री राम नरेश कुशवाहा : मालूम है।

मैया मोरी पांव लागी ।
जीओ बेटा भर सक ।।

कोई सौतेली मां थी किसी की । बेटे ने उसको पाय लागी कहा तो उस ने कहा कि बेटा जीओ । अरे जब तुम जी ही रहे हो तो आशीर्वाद देना ही पड़ता है, वरना मैं कब चाहती हूं कि जिओ ।

आप एक भी ऐसा काम नहीं बता सकते कि जिससे किसान को जिंदा रखने का उपाय आपने किया हो । जितना आप कर रहे हैं वह हमारे ऊपर कृपा करके नहीं, अपने लिए कर रहे हैं । अगर पानी का इंतजाम नहीं करेंगे तो शहरी बाबू लोगों को क्या खिलायेंगे । अगर यह नहीं पैदा हो सका तो हम कैसे जीयेंगे । वह हमारी मुहब्बत में कर रहे हैं यह कैसे मान लें । आप सब कंट्रोल लगाइये । हम जो माल खरीद रहे हैं उसका भी दाम देख रहे हैं ? 80 रुपये किलो घी है, 35 रुपये किलो सरसों का तेल है और 2 रुपये किलो भूसा है । भूसा दो रुपये किलो और गेहूं का दाम 1 रुपये 73 पैसे किलो । अभी कल घोषणा की है, अभी दाम बढ़ा है । तो मान्यवर, यह हमको मत समझाइये कि आप किसानों का बड़ा फायदा किये हुए हैं । अगर आप चाहते हैं तो किसी दिन एक बहस हो जाए हम एक एक बात बतायेंगे कि आपने क्या किया । मान्यवर, सारे अनर्थ की जड़ जो है वह कंट्रोल है । लेकिन आप मान नहीं सकते क्योंकि आप पर तो दूसरा भूत सवार है । जब भूत सवार हो तो कंट्रोल जहां रहेगा वहां पर करप्शन रहेगा, दलाल रहेंगे फिर आप कहां तक कंट्रोल कर सकेंगे, मैं नहीं समझ पा रहा हूं कि आज की स्थिति में आप कंट्रोल करें (**समय की घंटी**) जब प्रारम्भ ही से कंट्रोल किया जाता है तो यह जोड़कर किया जाता है कि इतना तो मिल ही जाएगा । कोई कंट्रोल का दुकानदार नहीं कह सकता कि बिना ब्लैक के बिना किसी गड़बड़ के कोई काम कर पाते हैं तो मान्यवर, मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि कम से कम मिलावट अगर रोकनी है तो कुछ फैक्ट्रियों में जहां से माल बनता है, बड़ी बड़ी फैक्ट्रियां, डालडा की फैक्ट्री है और सब हैं इनका चालान करवाइये जांच करवाइये तब पता चलेगा । वहां कोई जांच नहीं करता है जिसको जांच करने के लिए भेजते हैं वह पूजा पा जाता है, मामला खत्म । मान्यवर, एक कथा कहकर मैं खत्म कर रहा हूं । एक राजा था उसका एक कर्मचारी बड़ा घूसखोर था तो उसको बुलाया गया और कहा कि तुम जाओ तुम बहुत बदमाश हो तुमको नौकरी नहीं मिलेगी । उसने कहा कि सरकार कुछ तो दे दीजिए नहीं तो हम मर जायेंगे खाये पीये बिना । हम कसम खाते हैं कि कुछ नहीं करेंगे । राजा ने कहा कि ठीक है इसको नदी के किनारे लहरें गिनने के लिए भेज दो । उसको नदी के किनारे भेज दिया गया कि लहरें गिना करो । दिन भर में वह खसरा खतौनी लेकर बैठ गया नदी के किनारे और लगा लहरें गिनने । जो जहाज आये, कहता कि क्या कर रहे हो तो कहता था कि राजा ने कहा है कि लहरें गिनों और इन्हीं लहरों के हिसाब से तुम्हें टैक्स लगेगा । नतीजा यह हुआ कि हर जहाज उस रास्ते से जाने वाला उसको घूस देकर आगे बढ़ता था । उसकी रोजी बनती रही । तो आप कितने भी कानून बनाइये या बना रहे हैं उनका ईमानदारी से पालन नहीं हो रहा है न होगा (**...समय की घंटी**) मान्यवर, इस देश में अकाल तो आ ही रहा है लेकिन एक चीज का परमानेन्ट अकाल है और शायद इस अकाल से छुट्टी हम को नहीं मिल रही है और वह है ईमान का अकाल । चूंकि सरकार का ही ईमान खटाई में है तो दूसरों के ईमान का क्या ठिकाना कि उसके इंतजाम में कितने ईमान का अकाल नहीं होगा इन्हीं शब्दों के साथ आपसे छुट्टी लेता हूं और आशा करता हूं कि छोटे व्यापारियों पर लटकती तलवार को न चलाकर बड़े

[श्री रामनरेश कुशवाहा]

बड़े व्यापारियों, थोक व्यापारियों और कारोबारेदारों पर चलाएंगे तब हम मानेंगे कि आप कुछ करना चाहते हैं।

श्री चतुरानन मिश्र : उपसभाध्यक्ष महोदय, अगर यह एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट के एक्सटेंशन की बात है तो मैं इसके पक्ष में हूं। अभी जो हमारे देश की हालत है जिस ढंग का भयंकर अकाल है और जिस तरह से बाढ़ की विभीषिका है उसमें न सिर्फ इस बात की जरूरत है कि एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट रहना चाहिए बल्कि इसको मजबूत करने की जरूरत है और इसे मजबूत किया जाये। हमको आश्चर्य है कि मंत्री महोदय ने इस पहलू पर ध्यान नहीं दिया कि हम कैसे इसको और मजबूत करें। हमारा ख्याल है कि इस एक्ट को अगर हम देखें कि यह काम कर रहा है या नहीं तो बड़ी निराशा होती है कि शायद जितने भी एक्ट हमारे देश में हैं उन सब में सबसे ज्यादा बुरा हाल इस एक्ट का है। यहां तक कि स्मगलिंग में भी कहा जाता है कि पांच से दस प्रतिशत तक टोटल स्मगलिंग का केस वह पकड़ पाते हैं, लेकिन मंत्री महोदय ही अगर कालाबाजारी और प्राफिटियरिंग को अपने विभाग के अंदर कोई ऐसी स्टडी करवाते तो पता लगता कि एक प्रतिशत क्या, आधा परसेंट को भी जो टोटल मुनाफाखोरी होती है, उसको यह एक्ट पकड़ने में अक्षम है, या यह पकड़ नहीं पाता है। अगर इस एक्ट का उद्देश्य था दाम घटाना, तो निर्विवाद रूप में यह असफल हो गया और फिर यह जितने आदमियों को केस में पकड़ते हैं, अगर उनको सजा दिलाने की बात रहे तो और भी नैगिलिजिबल संख्या उनकी हो जाती है और अगर फिर हम यह देखें कि जिन लोगों को पकड़ा जाता है, तो उनमें जो बड़े-बड़े व्यापारी हैं, होलसेलर हैं, उनको तो पकड़ा ही नहीं जाता है। और वह पकड़े भी कैसे जाएं।

मंत्री महोदय तो कहते हैं कि कंज्यूमर कानून नहीं पैदा किया जाए, तो हम लोग कंज्यूमर कानूनों को पैदा करें और आप लोग उसी मुनाफाखोर के यहां पार्टी खाएं, डिनर खाएं, तो यह दोनों काम कैसे साथ-साथ चलेंगे, बोलिए।

इसमें कोई एक दफा लगा दीजिए जिससे मंत्री लोग, राजनीतिक लोग डिनर नहीं खायें, मुनाफाखोरों के यहां। अगर ऐसी क्लाज हो जाए तो कुछ विश्वास भी होगा कि कुछ होने वाला है। लेकिन आप उन्हीं के यहां खाते हैं, उन्हीं से दोस्ती रखते हैं, तो फिर क्या होगा? नतीजा यह हो रहा है कि आपकी पालिसी कुछ ऐसी है, जिसके चलते मुनाफाखोरी बढ़ती है। जैसे जब कम उत्पादन का साल होता है, तब आप इम्पोर्ट भी कम कर देते हैं। अब जब मालूम हुआ कि इस साल बुरा साल होने वाला है, तब आपने एडिबल आयल का उत्पादन कम देख कर के इम्पोर्ट भी कम करना शुरू किया, तो और भी चीजों की कमी होगी और तब मुनाफाखोरी और बढ़ेगी ही, यह भी दूसरी चीजों के बारे में कहा जा सकता है।

एक बात की ओर मैं आपका ध्यान दिलाना चाहूंगा कि अगर टोटल केस जो आप टोटल एसेंशियल कमोडिटीज के अंडर या अभी तक तो कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट, वह तो अभी बहुत सी जगह लागू भी नहीं हुआ--तो अगर उसमें देखें कि कितना सामान आपने पकड़ा है, तो जितना सामान आप बर्बाद करते हैं, उसका दसवांश हिस्सा भी आप इस एक्ट के जरिए से नहीं पकड़ते हैं।

मेरे पास कृषि मंत्रालय का पत्र है कि तीन वर्ष के अंदर—1982, 1983 और 1984 में 18 लाख टन गल्ले की बर्बादी हुई हमारे एफ०सी०आई० के गोडाऊन वगैरह के अंदर। तीन वर्ष में अगर 18 लाख टन जाता है इसमें, तो आप कितना पकड़ पाते हैं, सो हमको बता दीजिए?

तो जितना सड़ जाता है सामान, अगर उसका दसवांश भी आप चोरी में नहीं पकड़ते हैं, तो इस एक्ट को रखने से क्या फायदा होता है? हमारे ख्याल में एक्ट का एक्सटेंशन करने की जरूरत थी। हम चाहते हैं कि जो होलसेल व्यापारी हैं उनको मुख्य रूप से पकड़ा जाए और अगर आप यह कह सकेंगे, तो वह प्राइस को कंट्रोल करने में बड़ा सुविधाजनक काम होगा। (समय की घंटी) जो फैक्ट्री में चीजें बनती हैं उनके ऊपर इसे लागू करें।

अब जो ट्रायल का सिस्टम है, उसमें हमारा यह भी ख्याल है कि प्रावधान किया

जाए पी०आर०पी०पी० के अंडर की ब्लैकमार्केटिंग के केस में एंटिसिपेट्री बेल में कम से कम एक साल के लिए अभी जो स्थिति है हमारे देश की सूखे और अकाल की उसमें एंटिसिपेट्री बेल वाली क्लाज को आप अमैंड कर दीजिए और ट्रायल जो है, सो समरी ट्रायल हो, उसकी आप अभी व्यवस्था कीजिए ।

श्री एच०के०एल० भगत : उसमें यह चीज है। यह जो बेल के बारे में सजेस्ट कर रहे हैं इसमें वही है, एंटिसिपेट्री बेल नहीं है। समरी ट्रायल है इस एक्ट में।

श्री चतुरानन मिश्र : हमने कहा कि किसी केस में यह जो लोग हैं, इनको एंटिसिपेट्री बेल नहीं मिले उसका प्रावधान इसमें होना चाहिए ।

दूसरी बात—जो कमेटी वगैरह बनाने की बात आई है, मैं उसके पक्ष में हूं, लेकिन एक बात जरूर कहना चाहूंगा । आन्ध्र की सरकार के साथ बहुत खिलाफ हो सकते हैं, हमारी भी कोई लेना देशम की सरकार से कोई दोस्ती नहीं है, लेकिन एक काम उन्होंने अच्छा किया है : वह ग्रीन कार्ड का जो सिस्टम उन्होंने किया है, गरीब तबके के जो लोग हैं, उनको दो रुपये किलो चावल दें, कम से कम इस अकाल के वक्त में तो आप इतनी दया कीजिए कि दो रुपये किलो गल्ला दीजिए । यह राष्ट्रीय स्तर पर कीजिए ।

आप कहते हैं कि आपने राज्य सरकारों को खत लिखा है । . . . क्या आप सिर्फ क्लर्क हैं यहां से चिट्ठी लिखते हैं कि यह कीजिए, वह कीजिए । यह क्लर्क का काम छोड़िए, जिम्मेवारी लीजिए और देश के नागरिकों को बचाने की जिम्मेदारी आपके ऊपर आनी चाहिए क्योंकि आपके पास सब से बड़ा साधन है, इसलिए इसे आपको करना चाहिए ।

मैं यह भी कहूंगा कि राज्यपाल के स्तर से लेकर ब्लाक से नीचे तक इस तरह की कमेटी बने । अभी तक भी आपने रूलज फ्रेम नहीं की हैं । फंडामेंटल प्रोटेक्शन एक्ट के मातहत इसको करना चाहिए । डिस्ट्रिक्ट लेवल में जो रिट्रेंचमेंट कमेटी बनने वाली थी वह भी अभी तक नहीं बनी है, उसके बारे में हम आपसे कहेंगे कि वह आप करें ? विजिलेंस कमेटी का आपने खत वगैरह जरूर दिया है लेकिन वह सर्वदलीय जो होनी चाहिये वह बन नहीं पा रही है । इसलिए इस काम को तुरन्त करना चाहिए । इसको देखते हुए ताकि हम इसको रोकने में कामयाबी हासिल करें । आखिरी बात हम कहेंगे आपके दिल्ली में भी दूसरे शहरों की बात छोड़ दीजिए, हम लोग गरीबों को राशन नहीं दे पाते हैं क्योंकि उनके पास कार्ड नहीं हैं । अगर मंत्री महोदय कहें या किसी एक को तैनात करें तो हम दिखला दें इसी शहर में जो मटिया मजदूर हैं, जो रिक्शा चलाने वाले हैं उन लोगों के पास राशन कार्ड नहीं हैं । लेकिन आज हम जो कि चार हजार, पांच हजार या दस हजार सेलरी पाने वाले हैं या जो लाखों रुपया महीने में मुनाफा कमाते हैं उनको जरूर राशन सप्लाई कर देते हैं, वे सुपर मार्केट में चले जाते हैं और दूसरी जगहों पर चले जाते हैं, लेकिन गरीबों के लिए राशन नहीं है । इसलिए हम आपसे कहेंगे कि इस बात का भी इंतजाम कीजिए जिससे कि उनको भी राशन कार्ड और सुविधा दिला सकें ।

इन शब्दों के साथ मैं अपना वक्तव्य समाप्त करता हूं । धन्यवाद ।

SHRI GHULAM RASOOL MATTO (Jammu and Kashmir): Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to support the Bill. The original Bill was introduced in 1955. It was amended in 1982. I was because of this Bill that the interests of the consumers were protected. As a result of this Bill, procurement was made from the growers, and the interests of the growers were also protected. I congratulate the Government and I should say that such Bills by which both the consumers' and the growers' interests are proteceted should always be brought in by the Government.

Sir, the Bill is a simple one, in the sense that the Act promulgated in 1982 is going to expire in September, 1987. We want that this should be extended up to 1992. In that way, it is a simple Bill. But I would like to know from the hon. Minister, confining myself to the Bill alone, why, number one, he has brought this Bill again for a fixed period and why this Bill is not made permanent on the Statute Book. It is obvious that in our country

[Shri Ghulam Rasool Matto]

the limited resources availability at our hands does not permit us to make a very great headway or such a headway in production that it would be commensurate with the growing population of the country. I think that this scarcity will always be there and I would have liked if the hon. Minister would have brought this Bill to make it a permanent feature rather than confining it up to 1992.

I would, however, like to know this. So far as I know, Members here have definately spoken about the difficulties that might be experienced by small, petty traders. But, to my knowledge, this Act has not been harshly used against small business people because other Acts were utilised to meet the requirements, to deal with small petty traders.

But, I would like to ask the Government, on the basis of the statistics available with them, how many cases were tried in a summary way and how many persons were sentenced in a summary trial way during the period, the Bill has been in operation.

I would also like to know from the Government how many special courts were formed since this amendment was made by us and whether those special courts cater to all the districts in a particular area. These are may two small questions and I would like the hon. Minister to react to them. I support the Bill.

Thank you very much.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मुनाफाखोरी, दामों की लूट और जमाखोरी को रोकने के लिए यह दी एसेन्शियल कमोडिटीज (स्पेशल प्रोवीजनस) कण्टीन्यूस बिल, 1987 पूर्व की अवधि बढ़ाने के लिए पेश किया गया है। शुरु में ही जब यह बिधेयक प्रस्तुत किया गया था तो सरकार की यह मंशा थी, जैसा कि उसके उद्देश्य और कारणों में दिखाया गया है कि दामों की लूट को रोका जाय, मुनाफाखोरी और जमाखोरी से, जो साधारण तबके के लोग हैं, उसको राहत दिलाई जाय। लेकिन यह जो विधेयक की मंशा थी, वह पूरी नहीं हो पायी क्योंकि बराबर दामों की लूट जारी है, मुनाफाखोरी, जमाखोरी बराबर जारी है और जो उपभोक्ता है, वही इसका सबसे बड़ा शिकार है। इधर जिस प्रकार से दामों की वृद्धि हुई है बहुत से माननीय सदस्यों ने यहां पर चर्चा की है तिलहन के, दालों के दामों की, सब्जी के दामों की और तेल के साथ-साथ अभी साबुन की जो बड़ी-बड़ी कंपनी हैं, उन्होंने भी साबुन के दामों में भारी वृद्धि कर दी है इसका प्रभाव साधारण तबके के लोगों पर पड़ रहा है।

जब तक यह सस्ती सरकारी गल्ले की दुकान का है, फेयर प्राइस शोप का, इसके बारे में मेरा निवेदन है कि एक तो राशनकार्ड बनवाने में बड़ी दिक्कत होती है और सप्लाई इंसपेक्टर के पास, दुकानदार के पास बार-बार दौड़ना पड़ता है। दिल्ली में ही और बहुत से स्थानों में ऐसे लोग रहते हैं, जिनके पास मकान नहीं है, रिक्शे वाले हैं, ठेले वाले हैं, दूसरे हैं, जब ये लोग फार्म लेकर सप्लाई इंसपेक्टर के पास जाते हैं या दुकानदार के पास जाते हैं, दिल्ली में शायद यह प्रक्रिया है कि दुकानदार से भी निवास का सर्टिफाई कराना होता है, जब मकान का नंबर नहीं होता तो सरकारी अधिकारी राशन-कार्ड बनाने से इंकार कर देते हैं। इसलिए मेरा निवेदन है, चूंकि सरकार तो मकानों की व्यवस्था, उनके रहने की व्यवस्था नहीं कर सकी है तो ऐसे गरीब तबके के लोगों के लिए, जो श्रमिक हैं, उनके राशन-कार्ड की व्यवस्था करे, जिससे सस्ती सरकारी दुकानों से उन्हें इस प्रकार का सामान मिल सके।

दूसरा, मेरा निवेदन यह है, मैं यह जानना चाहता हूं मंत्री जी से कि जो इसमें समरी-ट्रायल होती है, उसके बाद जो अपील है, तो वह अपील जहां पर दाखिल की जाती है क्या वह जुडिशियल अथोरिटी के पास की जाती है? जहां तक मैंने इस विधेयक को पढ़ा है, मे

समझ में आया है कि जो अपील है, वह न्यायपालिका के पास नहीं है ।

तीसरा, मैं यह जानना चाहता हूं, इसमें जो स्पेशल कोर्ट की व्यवस्था की गयी है, तो यह व्यवस्था अब तक कितने जिलों में हो चुकी है ? सारे मुल्क में शायद 407 जिले हैं, तो यह जो विशेष न्यायालय हैं, अब तक कितने जिलों में स्थापित किए जा चुके हैं ? यहां से बहुत से निदेश आपके जाते हैं राज्य-सरकारों के पास और राज्य सरकारें उन निदेशों को जिले के अधिकारी या आपूर्ति अधिकारी के पास भेज देती हैं, लेकिन उनका अनुपालन नहीं होता है । केवल चिट्ठी लिखने से लोगों को राहत नहीं मिलने वाला है । इस संबंध में मैं आपसे जानना चाहता हूं अभी हाल ही में पिछले दस दिन के अंदर, जहां तक मेरी जानकारी है, दो निदेश राज्य सरकारों के पास आपने भेजे हैं, उनके अनुपालन की क्या व्यवस्था की है ? यदि इनका अनुपालन नहीं होगा तो यह जो विधेयक है, यह जो कानून है, इसकी जो मंशा है, उद्देश्य और कारण दिए हैं, उनको हम कोई पूर्ण नहीं कर पाएंगे ।

अगला मेरा सवाल यह है कि यह जो कन्ज्यूमर्स प्रोटेक्शन एक्ट अभी पिछले दिसंबर में पारित किया गया था, उसमें इस बात का प्रावधान है कि विभिन्न सरकारों को राज्य-स्तर पर, जिला स्तर पर बहुत सी ऐसी समितियां बनानी होंगी, जिसमें उपभोक्ताओं की भागीदारी होती, तो इस सिलसिले में सरकार की ओर से इस प्रकार की समितियां बनवाने में उसका अनुपालन कराया गया या नहीं कराया गया ?

अन्त में, मेरा आपसे एक विशेष निवेदन है, चूंकि हमारे देश की कम से कम 80 प्रतिशत जनसंख्या कहीं बाढ़ से प्रभावित है, कहीं सूखे से प्रभावित है, उनके लिए मेरी जानकारी में कहीं पर राहत-कार्य नहीं हुआ, घोषणाएं जरूर हुईं कि लगान की माफी होगी, तकावी की माफी होगी या जानवरों के लिए चारे की व्यवस्था की जा रही है, भूसे की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन वास्तविक रूप में जो ग्रसित हैं, जो संकट में हैं, उन तक राहत कार्य नहीं पहुंचा है । इसलिए, मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि इस सिलसिले में राज्य-स्तर पर, जिला स्तर पर, ब्लाक स्तर पर, तहसील स्तर पर एक सर्वदलीय समिति बनानी चाहिए । उस सर्वदलीय समिति का काम यह होना चाहिए कि सरकार के जो आदेश हैं, उनका पालन कहां तक होता है, सस्ते गल्ले की जो दुकानें हैं उनसे लोगों को कहां तक राहत मिलती है, यह वह देखें ।

इन शब्दों के साथ मट्टू साहब ने जो एक बात का सुझाव दिया कि केवल 5 वर्ष के लिए ही क्यों इस विधेयक की जिंदगी बढ़ायी जा रही है क्योंकि भ्रष्टाचार आप खत्म कर नहीं सकते, मुनाफाखोरी आप खत्म कर नहीं सकते, दामों की लूट आप खत्म कर नहीं सकते ? जमाखोरों को खत्म करने में सरकार बुरी तरह से असफल रही है । इसलिए यह विधेयक हमारे कानून का एक स्थायी अंग हो जाना चाहिए । आप बार-बार 5 साल के लिए क्यों लाते हैं ? इस पर आपको स्पष्ट आश्वासन देना चाहिए कि इस विधेयक को एक स्थायी विधेयक बनाया जाए । धन्यवाद ।

SHRI H. K. L. BHAGAT: Mr. Vice-Chairman, Sir, at the very outset, I must sincerely thank the hon. Members, Shri G. Swaminathan, Shri Suresh Pachouri, Narayan Kar, Shrimati Sudha Vijay Joshi, Shri P. Babul Reddy, Shri Vithalrao Madhavrao Jadhav I am mentioning their names because the points they made were so many and it will not be possible for me to refer to particular points against their names, Shri Jagesh Desai, Shri V. Gopalsamy, Shri Veershetty Moglappa Kushnoor, Shri Kailash Pati Mishra, Shri Mahendra Mohan Mishra, Shri Ram Naresh Kushawaha, Shri Ghulam Rasool Matto, Shri Chaturanan Mishra and Shri Satya Prakash Malaviya and I think probably, I have missed one name of the hon. Member who has participated in this discussion and I must thank them particularly because cutting across the party lines, they have

[Shri H. K. L. Bhagat]

shown their anxiety for better implementation of the Essential Commodities Act and also expressed their anxiety over the rise in prices, particularly in the edible oils. with the same spirit, not that I agree with every point that has been raised or the focus that has been placed or the perspective in every case, yet I would say that this discussion and debate, so far as I am concerned, has been quite enlightening. Now, one thing is clear that there is complete unanimity in this House that this Bill should be given a further extension of five years. On this, there is unanimity though some hon. Members said, why are you bringing it only for five years? Why don't you bring it on a regular basis, on a permanent basis? Of course, implementation of it has been severely criticised and a number of suggestions have been given but there is complete unanimity that the need for this Act is there and everybody feels this must be passed. Not even a single hon. Member has said that this should not be passed. That shows that there is some utility of this Act though, perhaps, with better implementation the act could be more useful and that is what the hon. Members have felt. It is ture that we have come forward with this Bill for its extension for five years. This Act was made, then entended and so on. I think when the Act was passed in the beginning, probably, our effort from the beginning has been to make every effort to be self-sufficient in regard to essential commodities particularly, the food items and therefore, we had started from the beginning for an Act for a certain period. We went on tightening as the things appeared. When my Ministry decided that this Act should be further extended for five years. we were in a different situation. Now, this is my view. I don't propose to get into that. I do not wish to shift responsibility. the responsibility that the Central Government has to take we will take. I will not run away from it nor do I wish to make it a Centre versus States issue. Whatever they have to do they do and whatever I have to do, I have to do. We are doing it in cooperation with each other. The State Governments are, by and large, happy with us and as far as I am concerned, we are working in complete cooperation. I wish to say that though this whole country, to my mind.... (*Interruptions*) This is my view. This may not be the view of some hon. Members. But it is my view that we have made tremendous progress during these forty years, particularly in regard to foodgrain production and we became self-sufficient in that. We all... (*Interruptions*) I am not claiming any credit for me or for my Party. This had been the achievement of the whole country—the people, our farmers, our techniques and so on. The result has been... (*Interruptions*) What I am saying is, we have decided to bring this for extension for five years. Actually this Bill right from the beginning, ha been thought of as a temporary measure thinking and hoping that probably a situation, will come when the Indian masses will have larger production less cost of production and availability at lesser prices to the people. That is the final solution. That is what we have been doing. We have gone a great deal in irrigation and other things. But we cannot help feeling so far, even now, we are to a great extent, largely dependent on the rain gods. The situation that existed two months ago is not the situation today. the situation today is certainly much more diffcult because of floods on the one hand and drought on the other. We are facing an unprecedented difficult situation. The fact of the matter is drought has been existing in some States or other for the last some years. We had the same problem. But because of the foodgrain production, because of the Green Revolution we had in the country, because we had stocks in the country we could manage the situation I can assure the hon. Member... (*Interruptions*) Please do not interrupt me. I am not used to interruption and I do not interrupt. What I am respectfully submitting, with humility, for your consideration is that there was a time when we had such a bad famine in Bengal. During these forty years all of us together faced the situation. I wish to say that we have enough foodgrain stocks; we have more wheat; rice I think we are still in a position to face it; and sugar also is more this time. And as far as these three cor

modities are concerned, I want to assure the hon. Members that we will be able to face the drought situation. The requirements of the States have been met and will be met. There are difficulties, sometimes in transport, sometimes in sending it, and so on. The difficulties have been discussed with the States. I have the letters with me. I do not want to claim any credit for me. I have the letters from the various State Governments. Today, it is not a question of any Party. This is a problem for the whole nation. As a matter of fact, today..... (*Interruptions*)

SHRI SUKOMAL SEN: ...Why people are dying...?

SHRI H. K. L. BHAGAT: I do not want to leave any point untouched. What I am saying is, today, in the States, we have Governments of all major political parties. You have the Communist CPI-M, CPI Government, you have BJP Partnership Government, Janata Government and Lok Dal Government. Almost all the major political parties have Governments in one part or the other of the country. Now, as I said we cooperate with them. I get problems everyday. People come saying, "We want more rice, more wheat, more edible oil" Regarding the problems of Tripura, I had discussions with the Tripura Chief Minister and other Ministers. We have done our best to satisfy them. I say generally speaking, the State Governments are quite happy with our efforts to do our best to meet the situation. Therefore, what I am saying is, our job here is to make provision for these food articles and the job of the State Governments is to distribute them. They run the distribution system, the fair-price shops and so on and so forth. It is an endeavour which is cooperative. It is an endeavour between the Central and the State Governments and this is how we go on.

5.00 P.M.

Now, as I said, I will not indulge in any jugglery of figures. I will not try to defend anything unnecessarily. I say what I have to say, not necessarily what you say. The prices of some of the essential commodities have gone high in some cases very high. Edible oil is one example where the prices are very high. In edible oil there is an obvious gap between our production and our requirement. And the drought conditions have made that gap much wider. Not only in regard to this, in regard to other items also, but in edible oils the gap is much wider. Now, what do we do? Actually what we do is we try to make it up by imports. One honourable Member said, there was less production, yet we went in for lesser imports . I would say, sometimes, yes, we have to do that. There was an argument here. The argument was on behalf of farmers, by the Agriculture Ministry. They said, if you right from the beginning import a lot of oil, the result is that the prices of oils would be depressed and the farmer will be the loser. I agree that middlemen should not be allowed. While importing oils, we have to see the condition of indigenous oils and oilseeds. So we do sometimes lesser imports in the beginning and we may increase later on. Sometimes the interests of the farmer and the interests of the consumer also clash. Then we have to strike a balance between them. Sometimes we have to decide to import more to meet a situation. While we began with 8 lakh tonnes, we have come to raise it to 15.75 lakh tonnes. We have to weight the situation and, if necessary, we have to import more. We have already increased our supplies to the public distribution system. Vanaspati supply has also been increased. With regard to vanaspati we feel that the prices are still high. We are considering as to how we can contain those prices or tame those prices. We shall take necessary steps in a day or two when you will see there will be some softening trend. I keep my fingers crossed. Some softening trends in edible oils have started. We have written to the State Governments, we have written to the forward market Commissioners: Go the whole hog against speculators, against those who are doing speculation in oil. Speculation is legally forbidden in it. We have written to the State Chief Ministers to proceed with dehoarding campaign. We have reduced the edible oils stock limits of the dealers in their godowns. A number of steps have been taken. A number of steps have been suggested and some steps have been taken. I won't say that the implementation of the Act is

[Shri H. K. L. Bhagat]

as good as it should be. I won't say that the public distribution system has gone everywhere it should go. No; it has to improve and expand, it has to go more and more into rural areas. The information that is given to me on paper by the State Governments is the information on which I have to rely. You have your own persuation powers. Whatever you are saying here, you try to plead with your State Governments also. However, it is not correct to say that there is no implementation of the Act, that poor people in a place like Delhi do not have ration-cards. With due respect I may submit, none of you knows Delhi more than I do. I know Delhi more than you do. There are thousands and thousands of rikshaw-pullers who have ration-cards; there are thousands and thousands of cart-pullers who have ration-cards....

श्री सत्य प्रकाश मालवीय मैं आपको दस नाम दे सकता हूं ।

श्री राम अवदेश सिंह (बिहार): बिना पैसे लिये कार्ड नहीं बनता ।

SHRI H. K. L. BHAGAT: I won't deny it, I won't dispute it. What you say is not wrong. There may be people, there are people, I agree with you, who have not got cards, the poorer sections, some temporary labour; they do not have cards. We are still trying and we give them cards, to those who have not got दस नहीं आप मुझे एक हजार, दो हजार, दस हजार नाम दे दीजिए । एक-एक आदमी मुझे बताइये, एरिया बताइये हम सब का सर्वे करायेंगे और फौरन राशन कार्ड देंगे । There is no question of even one man being left. मैंने राज्य सरकारों को लिखा है कि आप राशन कार्ड दीजिए एम० एल० ए० की वैरीफिकेशन पर, पंचायत के जो प्रेजीडेंट हैं उनकी वेरीफिकेशन पर, एम० पी० की वैरीफिकेशन पर उनको राशन कार्ड दीजिए । यह सरकार चाहती है कि देश में कोई भी आदमी बिना राशन कार्ड के न रहे । हमारे पास अनाज है । हम सब को अनाज देने को तैयार हैं । मैंने राज्य सरकारों को लिखा है कि अपने इलाकों में दुकानें बढ़ाइये । अगर व्हीकल की जरुरत है तो व्हीकल लीजिए । हमने कह दिया है और दे देंगे । सरकार की तजवीज पर उसको करने के लिए तैयार हैं । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि आप विजिलेन्स को ही ले लीजिये । भारत सरकार ने राज्य सरकारों को पत्र लिखा है । राज्यों में विरोधी दल की भी सरकारें हैं ।

SHRI G. SWAMINATHAN: Sir, the honourable Minister was speaking in English so far and suddenly he has switched over to Hindi. We were able to follow him when he was speaking English.

SHRI H. K. L. BHAGAT: All right. I shall revert to English. Now, let it be partially in English and partially in Hindi since the translation is there.

Now, the question of vigilance is there. The Ministry and myself have written to the State Governments that they should have vigilance committees for every fair price shop. We have suggested vigilance committees in the rural and urban areas fair price shops. The State Governments also have these vigilance Committees. Some honourable Members have said that in some of the States they have made it a one-party committee. If they have done it, It is totally wrong and I shall write to them again that the vigilance committees should not be one-party committees, should not be all-party committees also, but they should be genuine committees of all the citizens including political persons. This is what I want. If anything wrong has been done, I am prepared to rectify it and it is for the State Governments to do this and this is very important. Now, my view is that food, air, a matter or essential commodity, is not a matter on which anybody can have a partisan consideration. I am not going to be partisan on this.

Now, Sir, some honourable Members have said that some small people for some small offences are punished. Well, it

wrong and what they have said is correct. For example, somebody is supposed to keep a stock of 500 bags and he can have two bags more or less. But he may bribe some official and keep more. I do not rule out these things. These things, such an exploitation, are there due to the moral calibre and moral conduct of human beings and because of this such things are possible. Therefore, somebody suggested that we should have some guidelines. We have decided also that we should go into the guidelines issued by the various State Governments. Gujarat, for example, has issued guidelines which are good. Other State also have issued guidelines. So, if such guidelines are wanted, we shall do that also. We shall also further examine the other question. If you feel that some more amendments are necessary, we shall bring forward those amendments also, if necessary. Somebody said that it should be tightened. I think it was the honourable Member, Mr. Chaturanan Mishra, who said that it should be further tightened. We shall see and if there are any mistakes and any deficiencies and any lacunae, we shall come to you for those amendments. We shall consider whether we need to bring this on a permanent basis. It all depends on the situation. I will tell you, and you will appreciate, that our problem two months back was quite different and our problem then was what we should do with our overstocks of wheat. So, we said that against a ration card anybody can draw any quantity. The quantity restriction was removed and we had a given a number of illustrations. Some orders were withdrawn and some licences were withdrawn. This was two months back when we wanted to take some steps to see how we could dispose of our overstocks of wheat. Now the situation is somewhat changing and we have to be careful. We are self-sufficient and we are confident that we would be able to face the situation so far as the foodgrains are concerned. We have started taking action. We have not merely started taking action—you ask your own State Governments because they have approached us during these past few days—and we have passed orders and also we have seen things moving. Now, about drought-effected States, I want to say one thing. We have enough foodgrains and enough foodgrains are available and for want of foodgrains we will not let anybody suffer in any part of the country...

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: Sir,...

SHRI H. K. L. BHAGAT: ...including Jammu and Kashmir.

SHRI GHULAM RASOOL MATTO: Sir, I want to put one question to the honourable Minister. Mr. Minister, you have given us an assurance with regard to these things that there will be no shortage. You have said that the wheat stock is comfortable. I would like to know whether the same comfortable position is there with regard to rice also?

SHRI H. K. L. BHAGAT: I am talking about wheat and I am not talking about rice. So far as wheat is concerned, we have much more. Rice also is adequate and there is no problem with regard to rice and we will be able to provide rice also.

Now, Sir, I am not going into the question of figures and I do not propose to do any jugglery with figures with regard to the prices. The prices have risen; I know they have risen. Now the prices of vegetables have risen. Somebody said that if Mrs. Bhagat were to be here, she would appreciate the feelings of the Members and she would know it. Of course, she knows better than myself and she knows the pinch of the kitchen because she makes the purchases and I do not make the purchases. I know that the prices of vegetables and fruits have risen. The prices of pulses also have risen. I think the Ministry of Agriculture has taken a decision to ask NAFED to import pulses so that we can have more pulses. Some hon. Members asked as to what is happening to consumer protection. Some Members said that the Act was passed one year before. The Act was passed during the last session. Some hon. Members said that we have not even made the rules. I can assure you that the Food and Civil Supplies Ministry is not such that it will not make rules. The rules have been made and laid on the Table of this House also. The Central Consumer Protection Council and Councils have already been formed in

[Shri H. K. L. Bhagat]

a number of States. In some other States they are in the process of being formed. So far as Grievance Redressal Forum is concerned, we need a Judge and some other people. So, the whole thing is in progress. It is not as fast as it ought to be. But the whole thing is on the move. We are chasing it. Let that machinery be set up. It is a big chain. It is not only going to be Inspectors and all that who can file a complaint. Every consumer in India has been given the right to file a complaint. You have passed this Act. It is a matter of credit for you also.

Some hon. Members raised the question of supply of wheat to flour mills. We have said that we would give them 50 per cent wheat. We are adopting a bit of cautious attitude. It is not that wheat, rice and other things are available only with the Food Corporation of India. We don't procure everything that is grown. We procure a part of it. The case of Bombay Flour Mill was mentioned. I have to adopt a certain policy. It is not that Bombay Flour Mill cannot get wheat in the open market. We have decided in principle that at this moment we shall give them 50 per cent because so far as their own production is concerned, there is no price control. We are giving this 50 per cent only as a matter of caution. This is for the time being. We have to take an overall view of the whole thing. Right from the procurement stage to the stage of supply to consumers, our distribution system is a maligned system. There is political criticism. People criticise it. Even in my own home, my wife says: "What kind of Minister are you? Why are the oil prices going up?" I told her that the indigenous oils are not under control and, therefore, the prices are rising. I asked her as to why she does not use Palmolein oil. She said that the distribution system people say that it is bad. I told her that it is bad. This is a unique thing. It helps the producer as well as the consumers. If there is more production of wheat and rice and if the Government procurement system were not there, farmers would not get what they are getting now and the consumers would not get them at the prices at which they are getting now. This distribution system and procurement system helps the farmers and the consumers of India. You may accept it or not. It is a unique system. There may be lacunae and defects in it. You may be able to criticise it on the point that the expenses of Food Corporation of India are more. But the basic fact is that we have a distribution system 3,37,000 Fair Price Shops. Some of them may not be working. Some of them may not be opening. Some of them may not be available. But this is a system which helps the farmers as well as the consumers and we feel proud about it.

The hon. Member, Shri S. P. Malaviya, asked whether I have asked the State Governments. Yes, I have asked them that they should proceed under the Act and start dehoarding drives. What is it? There are certain stock limits fixed for certain things, viz., pulses, edible oils, etc. They should start dehoarding campaigns and so on. These drives have shown some results. You are reading about them in the newspapers. There are newspaper articles as far as the trend is concerned. I keep my fingers crossed. The Prime Minister himself has written to all the Chief Ministers about it apart from my writing. As far as the sword on the small traders is concerned, I have already said that we have proposed to issue some kind of guidelines and so on. One question which has been raised more often is about the quality coming from the FCI godowns. I think, one hon. Member, probably, hon. Mr. Kailash Pati Mishra said that the whole stock in the FCI godowns is totally rotten and even the animals do not eat it. And this is an over-statement. I do not say that all the stock lying in the FCI godowns is good...

श्री कैलाश पति मिश्र : मैंने पूरे स्टाक के बारे में नहीं कहा लेकिन हर गोदाम के अन्दर ऐसे कुछ पोरशन हैं ...

श्री एच० के० एल० भगत : आप मेरी बात सुनेंगे जरा। मैं नहीं कह सकता कि किसी भी गोदाम में ऐसा स्टाक नहीं है जो बिलकुल खराब हो सकता हो। आप हिन्दी में बोले हैं इसलिए मैं भी हिन्दी में बोल रहा हूं। जहां तक लोगों को स्टाक देने का प्रश्न है यह

इन्तजाम किया गया है कि स्टेट गवर्नमेंट के प्रतिनिधि चेक कर के लें, ज्वाइंट सेम्पल ल, हर एक बोरी को चेक कर सकते हैं, अगर माल गलत मिलता है तो वापिस कर सकते है। कुल अफसरों के खिलाफ कार्यवाही की है। मैं आज आपको दावत देता हूं कि किसी जगह गलत स्टाक गया हो, गलत किस को करते हैं, जो प्रिवेंशन आफ फूड एडल्ट्रेशन एक्ट में व्हीट और राइस का एक स्टेंडर्ड है उस फिक्स्ड स्टडर्ड के खिलाफ अगर कोई शिकायत लाता है तो हम कायवाही करते हैं। जहां पर रदी स्टाक पड़ा हुआ है वह लोगों के इस्तेमाल के लिए हम नहीं देते हैं वह दूसरी चीजों के लिए जहां इस्तेमाल किया जा सकता है उसको इस्तेमाल करने की बात होती है। जैसे कि माननीय सदस्य ने शरू में कहा कि रूरल एरियाज में दकानें खोलने की ज्यादा जरूरत है। उसका क्राइटेरिया यह है कि जहां दो हजार की आबादी है उस हिसाब से दकानें खोलो जाएं। माननीय सस्दय ने यह भी कहा कि दो हजार की आबादी पर दकान खोली जाती है लेकिन बीच में कई सौ लोग होते हैं जिन में आप अपनी मरजी करते हैं। दकानें ज्यादा खोली जाएं वर्त्तमान दकानों को ठीक किया जाए उन पर विजिलेंस रखी जाए स्टाक टाइम पर दिया जाए, चीजें भेजी जाएं, डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम का जो इन्फ्रास्ट्रक्चर है वह दिया जाए। हमारे कुछ सदस्यों ने कहा कि आप खाली पत्र लिखते हैं राज्य सरकारों को। मेरा काम है पत्र लिखना और मैं पत्र लिखता हूं। मैं केवल पत्र ही नहीं लिखता हूं बल्कि मैं और मेरी साथी गलाट नबी आजाद खास तौर पर हिन्दुस्तान की हर स्टेट को विजिट कर चके हैं और हमने वहां बैठ कर के बातचीत की है बहुत सी जगहों पर गोदाम भी देखें है, वितरण प्रणाली को भी देखा। मैं खुद सेटिसफाइड नहीं हूं। जिस तरह से वक इस सिस्टम को करना चाहिये उस तरह से नहीं कर रहा हैं मैं इस बात को मानता हूं। लोगों के हित में जिस तरह से सरकार करना चाहती है उस तरह का फायदा लोगों को नहीं पहुंचा, उतना फायदा नहीं पहुंचता जितना पहुंचना चाहिये लेकिन फिर भी सिस्टम बहुत अच्छा काम करता है लोगों को फायदा होता है। सिस्टम को बिलकुल होलसेल में यह कह देना कि ऐसा सिस्टम है जो बिलकुल खत्म होने लायक है यह कहना ठीक नहीं है। इसमें चोरी, ब्लैक मार्किटिंग, एडल्ट्रेशन सब चीजें है। मैं ने कभी यह क्लेम नहीं किया और न सरकार यह क्लेम करती है कि ऐसा नहीं है। मैं यह कहना चाहता हूं कि हमने एक जबरदस्त कानून बनाया है, जो कानून हमने कंज्यूमर प्रोटेक्शन का बनाया है इससे ज्यादा अच्छा कानून दुनियां में नहीं है, इससे बेटर कानून नहीं है। दूसरे कानूनों को भी हमने बदला लेकिन जब तक इस देश में एक जबरदस्त, जानदार और रिसपोंसिबल कंज्यूमर मूवमेंट गांव से ले कर नेशनल लेवल तक नहीं बनेगा तब तक यह सवाल हल नहीं होगा। आज लोगों को खड़ा करने की जरूरत है। आप कहेंगे कि सरकार क्या कर रही है। मैं नहीं चाहता यह सरकारी मूवमेंट बने। यह देश के लिए दुर्भाग्य होगा अगर सरकार कंज्यूमर मूवमेंट चलाए न सरकारी मूवमेंट चलेगा न बनेगा न बनना चाहिये और न चलना चाहिये यह लोगों का अपना मूवमेंट होना चाहिये अपना आन्दोलन होन चाहिये। हमने एक्ट बनाया है, आपकी भी जिम्मेदारी है मेरी भी जिम्मेदारी है। हम सब मिल कर के इस मूवमेंट को चलाएं। एक एक दकान को चैक करें। मैं यहां आपको एक दूसरे मुल्क की मिसाल देता हूं। वहां पर एक कम्पनी ने अपने सोप के दाम बढ़ा दिये। एक छोटे से गांव के लोगों ने यह तय किया कि उस कम्पनी का सोप नहीं खरीदेंगे तो एक ही हफ्ते में उस कम्पनी को घुटने टेकने पड़े और कीमतें वापिस लेनी पड़ीं। इस तरह का मूवमेंट हमें अपने देश में बनाना चाहिये और उसकी जिम्मेदारी चुने रूए मैम्बरों पर है, आप और हम इस जिम्मेदारी का पूरा करेंगे तो इससे लोगों में कांशसनेस आएगी। इसमें मीडिया का भी यूज होना चाहिए लोगों को कांशस करना चाहिए ? कुछ कार्यक्रम हमने बनाए हैं लेकिन उन से मेरी तसल्ली नहीं है। अभी मीडिया के यूज का भी हम सोच रहे हैं कि जो कोई चोरी में पकड़ा जाए या कोई बड़ी फर्म

[श्री एच०के०एल० भगत]

एडल्टेशन में पकड़ी जाए तो उसका प्रचार रेडियो और दूरदर्शन के माध्यम से होना चाहिये ताकि लोगों को पता लगे। इस पर हम विचार कर रहे हैं। इस तरह से बहुत से पाइंट आपने कहे हैं जिन में जाना है। यह नहीं कि मैं उन से एग्री नहीं करता हूं, यह बात अलग है कि मन्त्री हूं लेकिन मैं जमीन पर रहने वाला कार्यकर्ता हूं। लेकिन मैं जमीन में पोजीशन क्या है इसको समझता हूं। हम आप सब मिलेंगे और जनता का सहयोग लेंगे तब इसेंशियल कमोडिटीज एक्ट का अच्छा इम्पलीमेंटेशन हो सकता है और डिस्ट्रिब्यूशन सिस्टम भी इम्प्रूव हो सकता है ऐसा मैं मानता हूं। मुझे खुशी है कि आपने सबने इस बिल पर इस कानून पर पूरी सहमति प्रकट की है। चीनी के मामले में यह तो मानते हैं कि 85 लाख टन चीनी इस साल हो रही है पहले से ज्यादा हो रही है इसलिए चीनी के मामले में बहुत ज्यादा दिक्कत हमें उम्मीद है कि नहीं होगी। मैं समझता हूं कि ड्रूट की इस सिचुएशन में डिफीकल्ट सिचुएशन में ड्रूट के बारे में ठोस कदम उठाये गये हैं, जुबानी जमाखर्च नहीं है और इस ड्रूट का डटकर मुकाबला करेंगे। जिन लोगों का, आपका सबका सहयोग मिलेगा तो बहुत ही अच्छा काम होगा।

(व्यवधान) एक सवाल कह लूं कि आप जरूर दीजिए। एक सवाल पूछा गया था कि कितने स्पेशल कोर्ट्स हैं मेरा ध्यान नहीं रहा, मैं बता रहा हूं **(व्यवधान)** जो एक सवाल का जवाब दिया था तो 87 की फिगर मेरे पास पड़ी नहीं हैं कन्वेक्शन दिये 13-5-88 को। उसके बाद सिचुएशन चेंज हुई है कहीं कोर्ट्स कम हुई हैं कहीं बढ़ गई हैं। अलग जिलों की कोर्ट्स को जो रिकमेंडेशन दी गई है उसके डिस्ट्रिक्ट की ओर 13-5-85 में 134 स्पेशल कोर्ट्स थीं, राज्यवार ब्यौरा मेरे पास है। नेटेस्ट पोजीशन मैं मालूम करूंगा, लोक सभा में यह पूछा गया था और पूछने के बाद आपको बता दूंगा। अगर मेम्बर चाहेंगे तो मैं उनको बताऊंगा।

SHRI VIRENDRA VERMA (Uttar Pradesh): May I tell the Minister, your legislation is very good, but the need of the hour is its proper and effective implementation. Kindly ensure it if you can.

श्री एच० के० एल० भगत : मैं आपसे सहमत हूं और आपकी तो सलाहें दी हुई मैंने कई मानी हैं। बोलिए मानी हैं कि नहीं मानी हैं। सुधार हुआ कि नहीं हुआ। आपके कहने से बहुत सी बातें मानी गयी हैं।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): I will now put the motion. The question is:

"That the Bill to continue the Essential Commodities (Special Provisions) Act, 1981, for a further period, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

The motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 and 3 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI H. K. L. BHAGAT: Sir, I move: "That the Bill be passed."

The question was put and the motion was adopted.

THE CINE-WORKERS WELFARE FUND (AMENDMENT) BILL, 1987

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI AJIT PANJA): Sir, I move:

"That the Bill to amend the Cine-workers Welfare Fund Act, 1981, as passed by the Lok Sabha, be taken into consideration."

Sir, the administration of the cine-workers welfare fund, 1981, and there were two such enactments, which required certain changes and from Information Minist